शनिवार
24 दिसंबर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



भोजपुर में अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, मौके पर महिला की मौत 2

**ब्लैक फ्राइडे : चटन से थंगू की ओर जाने के दौरान तीव्र मोड़ पर स्लिप होकर नीचे खाई में गिरा वाहन, इधर, आग लगने से हुआ बड़ा हादसा**

# सिक्किम में सेना का ट्रक खाई में गिरा, 16 जवान शहीद

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत-चीन सीमा के पास नॉर्थ सिक्किम में शुक्रवार को सेना के ट्रक का एक्सीडेंट हो गया। इसमें 16 जवान शहीद हो गए। इस हादसे में चार जवान घायल भी हुए हैं। भारतीय सेना ने बयान जारी कर कहा कि जेमा, उत्तरी सिक्किम में सेना के एक ट्रक का एक्सीडेंट हो गया। इस दुखद सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के 16 वीरों ने अपनी जान गंवाई है। सेना ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन तीन वाहनों के काफिले का हिस्सा था, जो चटन से सुबह थंगू की ओर बढ़ा था। जेमा के रास्ते में, वाहन एक तीव्र मोड़ पर स्लिप होकर नीचे खाई में गिर गया। हादसे के बाद बचाव अभियान तुरंत शुरू किया गया और चार घायल सैनिकों को हवाई मार्ग से निकाला गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सिक्किम में सड़क हादसे में घायल चार जवानों को एयरलिफ्ट करके पहले सिलिगुड़ी स्थित बागडोगरा में उतारा गया। इसके बाद यहां बेंगडूबी स्थित सेना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि इन चारों जवानों का इलाज यहां चल रहा है। भारतीय सेना ने कहा कि दुर्भाग्य से, तीन जूनियर कमीशंड अधिकारी और 13 सैनिक दुर्घटना में शहीद हो गए। इस दुख की घड़ी में भारतीय सेना शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है। नॉर्थ सिक्किम बेहद ही खतरनाक इलाका है। ये इलाका इन दिनों पूरा बर्फ से ढका होता है।

### हादसे में घायल चार जवानों का बेंगडूबी में चल रहा इलाज

### 03 जूनियर कमीशंड अफसर भी हादसे में हुए शहीद



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर जताया दुख



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर दुख प्रकट किया। पीएम मोदी ने कहा, सिक्किम में एक सड़क दुर्घटना के कारण हमारे बहादुर सैन्यकर्मियों की जान जाने से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पीएम ने जान गंवाने वाले जवानों के परिवार को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की।

### जवानों की जान जाने से गहरा दुख : राजनाथ



रक्षा मंत्री ने ट्वीट कर जताया शोक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हादसे पर दुख जताते हुए ट्वीट किया कि, उत्तरी सिक्किम में एक सड़क दुर्घटना के कारण भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से गहरा दुख हुआ है। राष्ट्र उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए हृदय से आभारी है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। जो लोग घायल हुए हैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

### शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना है : शाह



अमित शाह ने जवानों की मौत पर दुख जताया और कहा कि घायलों को इलाज के लिए हरसंभव सहायता मुहैया कराई गई है। शाह ने ट्वीट किया कि सिक्किम में हुई सड़क दुर्घटना में सेना के बहादुर जवानों की मौत के बारे में जानकर दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों को हर संभव सहायता प्रदान की गई है। उनके जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिक्किम में एक सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के वीर जवानों की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सिक्किम हादसे पर शोक संवेदना व्यक्त की है। कहा है कि 16 जवानों की मौत पर मर्माहत हैं। कहा कि राष्ट्र इन वीर जवानों की देश सेवा और प्रतिबद्धता के लिए हमेशा आभारी रहेगा। उन्होंने घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# मोतिहारी में एक ईंट भट्ठे में विस्फोट से नौ लोगों की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

- मरनेवालों में चिमनी का मालिक भी शामिल
- 15 घायलों को अस्पताल में कराया गया है भर्ती

मोतिहारी के रामगढ़वा थाना क्षेत्र स्थित चंपापुर गांव के पास शुक्रवार की शाम एक ईंट भट्ठे में आग लगाने के दौरान अचानक चिमनी में विस्फोट हो गया। इसमें चिमनी मालिक समेत कुल नौ लोगों की मौत होने की सूचना है। अब तक 8 शव निकाले जा चुके हैं। 15 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 10 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। घटना शाम करीब 4:30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मजदूरों ने जैसे ही ईंट-भट्ठा चिमनी में आग लगाई वैसे ही चिमनी के ऊपरी हिस्से में तेज आवाज के साथ विस्फोट हुआ। चिमनी के टुकड़े की चपेट में मजदूर समेत कई लोग आ गए।

मामले की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाडियां मौके पर पहुंची। वहीं 20 एंबुलेंस भी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गईं। मौके पर स्थानीय पुलिस व पुलिस महकमें के आलाधिकारी भी पहुंच गए हैं। खुद डीएम घटनास्थल का जायजा लेने के लिए पहुंचे। हालांकि, मौके पर बिजली की व्यवस्था न होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में दिक्कतें आ रही हैं।

### आईसीयू में भर्ती घायलों की हालत गंभीर

घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत गंभीर बनी हुई है और उनको आईसीयू में रखा गया है। दूसरी तरफ, पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारी इस बात की जानकारी जुटाने में लगे हैं कि चिमनी में विस्फोट किस कारण हुआ। फिलहाल, युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

## खबरें फटाफट

### दानापुर में एक नाबालिग की हत्या

**पटना।** पटना के दानापुर में एक शादी में शामिल होने आए एक नाबालिग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह 17 साल के लड़के का शव भट्ठी घाट से क्षत-विक्षत स्थिति में बरामद किया है। बताया जा रहा है कि दानापुर के इमली तल निवासी मो. फरहान गुरुवार की देर रात मोहल्ले की एक शादी में शामिल होने के लिए घर से निकला था। परिजनों ने बताया कि जब वह देर रात घर नहीं लौटा तो उसकी काफी खोजबीन की गई। इस बीच शुक्रवार को लोगों को सूचना मिली कि भक्ति घाट के नजदीक एक लड़के की हत्या कर उसके शव को फेंक दिया गया है।

### भोजपुर में पाकिस्तान जिंदाबाद के लगे नारे

**कोईलवर।** बिहार के भोजपुर जिले से एक वीडियो सामने आया है। इसमें कुछ युवक पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। ये वीडियो चांदी गांव का बताया जा रहा है। भोजपुर रढ ने देश विरोधी नारे लगाने वाले युवाओं की पहचान कर प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए हैं। पुलिस ने 5 युवकों को गिरफ्तार किया है। यह वीडियो बैडमिंटन मैच के दौरान का है। फाइनल मैच के बाद ट्रॉपी वितरण के बाद कुछ युवक उसे लेकर जुलूस की शक्ल में आगे बढ़ने लगे। इस दौरान युवकों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। इस मामले में मो. अरमान, मो. तनवीर आलम, कल्लू और सोनू को गिरफ्तार किया गया है।

### शराबकांड पर संसद में बीजेपी का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** बिहार के छपरा में जहरीली शराब से हुई मौत पर शुक्रवार को दिल्ली के संसद भवन परिसर में बीजेपी सांसदों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने शराबकांड में जान गंवाने वालों के परिजनों को मुआवजा और सीएम नीतीश के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

# नेजल कोरोना वैक्सीन को केंद्र ने दी मंजूरी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दुनिया की पहली नेजल कोरोना वैक्सीन को भारत सरकार ने मंजूरी दे दी है। कोवैक्सिन बनाने वाली हैदराबाद की भारत बायोटेक ने इसे वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के साथ मिलकर बनाया है। नाक से ली जाने वाली इस वैक्सीन को बूस्टर डोज के तौर पर लगाया जा सकेगा। सबसे पहले नेजल वैक्सीन को प्राइवेट अस्पतालों में उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके लिए लोगों को पैसे देने होंगे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक इसे आज से ही कोरोना वैक्सीनेशन प्रोग्राम में शामिल कर लिया गया है। भारत बायोटेक की इस नेजल वैक्सीन का नाम iNCOVACC रखा गया है। पहले इसका नाम BBV154 था। इसे नाक के जरिए शरीर में पहुंचाया जाएगा।



खास बात यह है कि शरीर में जाते ही यह कोरोना के इन्फेक्शन और ट्रांसमिशन दोनों को ब्लॉक करती है। इस समय भारत में लग रही वैक्सीन के दो डोज दिए जा रहे हैं। दूसरे डोज के 14 दिन बाद वैक्सीनेट व्यक्ति सेफ माना जाता है। ऐसे में नेजल वैक्सीन 14 दिन में ही असर दिखाने लगती है। इफेक्टिव नेजल डोज न केवल कोरोना वायरस से बचाएगी, बल्कि बीमारी फैलने से भी रोकेगी। मरीज में माइल्ड लक्षण भी नजर नहीं आएंगे। वायरस भी शरीर के अन्य अंगों को नुकसान नहीं पहुंचा सकेगा। यह सिंगल डोज वैक्सीन है।

### लखीसराय के जंगल से नक्सली गिरफ्तार

**लखीसराय।** लखीसराय के घने जंगल से एसएसबी जवानों ने सर्च ऑपरेशन के दरम्यान एक नक्सली को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से हथियार और कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार नक्सली का नाम श्री कोड़ा है। मिली जानकारी के मुताबिक नक्सलियों का एक बड़ा रेक चलाता था, जिसका सक्रिय सदस्य था। इस संबध में लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि रात्रि को सूचना मिली थी कि बड़ी सख्या में एक नक्सली का दस्ता जंगल में है। इसी सूचना पर सर्च अभियान चलाया गया।

# भागलपुर में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा

**केटी न्यूज/पटना**

पटना एसटीएफ की टीम ने भागलपुर में तीन हथियार तस्करों को दबोचने के बाद चंपानगर में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। इस दौरान टीम ने हथियार बनाने वाली मशीन व भारी मात्रा में अर्धनिर्मित व तैयार अवैध हथियार जब्त किया है। एसटीएफ SOG-1 पटना ने ये कार्रवाई की है। शुक्रवार को भागलपुर में पटना एसटीएफ की टीम एक्टिव रही। एसटीएफ की टीम ने नाथनगर स्टेशन के सामने से तीन तस्करों को दबोचा जिनके पास से बड़ी संख्या में हथियार बरामद किये गये। भागलपुर के सिटी एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि मुंगेर के रहने वाला गुड्डु शर्मा और नवगछिया के रंगरा निवासी संजय कुमार पकड़ा गया है। पूछताछ के आधार पर दोनों ने बताया कि नाथनगर के रहने वाले फैजल के पास से अर्धनिर्मित हथियार खरीदा था और मुंगेर लेकर जाने वाले थे। पुलिस ने फैजल के घर पर छापेमारी की। इसमें मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ।

# बिहार एसएससी की परीक्षा का पेपर लीक, अधिकारिक पुष्टि नहीं

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग के बाद अब बिहार कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा शुक्रवार को ली गई आयोग तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा के क्वेश्चन पेपर लीक होने की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है का आज बिहार के सभी जिलों में बिहार एसएससी की परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसमें पहले शिफ्ट की परीक्षा के दौरान ही कई व्हाट्सएप ग्रुप में क्वेश्चन पेपर के फोटो वायरल हो रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि यह क्वेश्चन शुक्रवार को हो रही परीक्षा का ही है। हालांकि पेपर आज की परीक्षा के ही हैं या नहीं इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की जा सकी है। वहीं छात्र नेता दिलीप कुमार ने वायरल क्वेश्चन पेपर के सही होने की पुष्टि की है।

एन कॉलेज परीक्षा सेंटर के बाहर खड़े दिलीप का कहना है कि परीक्षा देकर निकलने वाले सभी छात्रों को उन्होंने प्रश्न पत्र दिखाया है, सभी बता रहे हैं कि यही क्वेश्चन पेपर था, अभ्यर्थियों का क्वेश्चन अंदर जमा करा लिया गया है। एसएससी तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 23 और 24 दिसंबर को किया गया है। इसके लिए 38 जिले में 528 परीक्षा केंद्रों बनाया गया है। परीक्षा में लगभग 9 लाख के करीब अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे हैं।

# मुजफ्फरपुर में इलेक्ट्रॉनिक दुकान से 13 लाख रु. के सामान की लूट

**केटी न्यूज/पटना**

मुजफ्फरपुर के सकरा थाना क्षेत्र इलाके में बदमाशो ने एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में धावा बोलते हुए मालिक के बेटे को अपने कब्जे मे ले लिया। हथियार के बल पर नशीला पादर्थ छिटकर उसे बेहोश कर दिया। फिर, हाथ पैर बांधकर दुकान से करीब 13 लाख का सामान लूटकर फरार हो गए। बताया जा रहा बदमाश एक पिकअप वाहन से आये थे। घटना के बाद इलाके मे सनसनी फैल गई है। मौके पर पहुंचे लोगो ने युवक के हाथ पैर खोले। दुकान के भीतर गए तो सामान बिखरा पड़ा था।

वही, लोगो ने मामले की जानकारी दुकानदार दीपक कुमार को दिया। जानकारी मिलने पर वे भागे भागे दुकान पर पहुंचे। दुकान पर पहुंचते ही उनके होश उड़ गए। उन्होंने मामले की सूचना सकरा थाने की पुलिस को दिया। मालिक बशिष्ट चौधरी के पुत्र आकाश से घटना के संबंध मे जानकारी ली। दुकानदार ने बताया कि सकरा के पिलखि स्थित बशिष्ट चौधरी के मकान मे दो साल पूर्व दुकान खोला था। सूचना मिली कि बदमाशो ने लूटपाट की है। दुकान मे लगे सीसीटीवी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। करीब 13 लाख की संपत्ति बदमाश लूटकर फरार हो गए।

# दलाई लामा ने महाबोधि मंदिर में की पूजा अर्चना

**केटी न्यूज/बोधगया**

बिहार में बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए पवित्र स्थल बोधगया में शुक्रवार को बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा महाबोधि मंदिर पहुंचे और विशेष पूजा अर्चना की। इस क्रम में दलाई लामा को देखने और उनके स्वागत के लिए बड़ी भीड़ जुटी रही। धर्म गुरु दलाई लामा 22 दिसंबर को बोधगया पहुंचे। उनके प्रवास के मद्देनजर बोधगया की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। धर्म गुरु के बोधगाया में करीब एक महीने प्रवास का कार्यक्रम है। धर्म गुरु शुक्रवार को तिब्बत मंदिर से निकलकर महाबोधि मंदिर पहुंचे। मंदिर के अंदर गृभगृह में पहुंचकर उन्होंने विश्वशांति के लिए विशेष पूजा अर्चना की और उसके बाद वे महाबोधि वृक्ष के भी दर्शन किए। उनके मंदिर में रहने तक महाबोधि मंदिर में अन्य श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। धर्मगुरु के महाबोधि मंदिर तक पहुंचने वाले रास्ते पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। सड़कों के किनारे उनके दर्शन और उनके स्वागत के लिए बड़ी भीड़ इकट्ठा रही। उपस्थित लोग उनकी बस एक झलक पाना चाह रहे थे। बोधगया स्थित कालचक्र मैदान में दलाई लामा का 29 दिसंबर से चार दिवसीय टीचिंग कार्यक्रम भी तय है। इस दौरान वे श्रद्धालुओं को प्रवचन देंगे और अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देश विदेश के बौद्ध धर्मावलंबियों के पहुंचने की संभावना है। बोधगया बौद्ध धर्मावलंबियों का महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। मान्यता है कि यहीं बोधिवृक्ष के नीचे महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था।





## खबरें फटाफट

### बिजली चोरी मामले में प्राथमिकी

**आरा।** बिजली चोरी में सिकरहटा थाना क्षेत्र के बसौरी और चकिया के दो आरोपितों के विरुद्ध एसडीओ ने आठ लाख रुपये नुकसान करने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एफआईआर में बिजली कम्पनी के सहायक अभियंता चंद्रशेखर कुमार सिंह ने कहा है कि बसौरी निवासी रामजी सिंह ने मीटर से पहले अवैध ढंग से तार बाईपास कर तीन लाख 49 हजार 146 रुपये की बिजली चोरी की है और चकिया निवासी अजय सिंह ने चार लाख 56 हजार 250 रुपये आर्थिक क्षति साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी को पहुंचायी है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध सिकरहटा थाने में नामजद एफआईआर कराई गई है।

### उपभोक्ताओं से वसूला गया जुर्माना

**आरा।** जिले के सहार में बिजली कंपनी ने बिजली चोरी के मामले में अभियान चलाया। कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में बिजली कर्मियों ने नवादा गांव में छापेमारी की। जांच के दौरान नवादा गांव के स्व. वंशरोपन साह के पुत्र बली साह पर 14208, किशन सिंह के पुत्र दीपक सिंह पर 1993, स्व. पहिरोप सिंह के पुत्र महेंद्र सिंह पर 11951, स्व. नरेश सिंह के पुत्र रमेश कुमार सिंह पर 5188, स्व. घुरा सिंह के पुत्र राम नारायण सिंह पर 18199 और अजय सिंह की पत्नी शीला देवी पर 7543 रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

### इंटर के छात्र को गोली मारने के मामले में प्राथमिकी


**आरा।** जिले के नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड में अनाईठ गोरेया टोली निवासी इंटर के छात्र को दोस्त के विवाद में गोली मारी गयी थी। इस मामले को लेकर दर्ज प्राथमिकी में यह जानकारी दी गयी है। जख्मी छात्र दीपक कुमार के फर्दबयान पर नामजद केस किया गया है। इसमें उदवंतनगर थाने के भगवतीपुर गांव निवासी विकास यादव और नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड पटेल नगर निवासी अशोक यादव को आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि वह गुरुवार की शाम गोढ़ना टी प्वाइंट पर चाय पी रहा था। वहां पटेल नगर निवासी विकास चौधरी और भगवतीपुर गांव निवासी विकास यादव के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई थी। एक पार्टी में जाने के दौरान विकास ने उसको गोली मार दी। इसमें वह जख्मी हो गया। इधर, प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपितों की धरपकड़ में जुट गयी है।

# कोरोना वायरस से डरने की जरूरत नहीं, सावधानी और सजगता जरूरी: सीएस

**केटी न्यूज/बक्सर**

- स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट, लोगों से की जा रही प्रीकॉशनरी डोज लेने की अपील
- सिविल सर्जन ने कहा- कोरोना के खिलाफ जल्द पूरी की जाएगी सारी व्यवस्था

चीन में कोरोना के विस्फोटक वृद्धि के बाद एक बार फिर लोगों में संक्रमण व उसके प्रभाव की चिंता सताने लगी है। ऐसे में सरकार व स्वास्थ्य विभाग ने भी अपने स्तर से तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए सरकार ने अलर्ट जारी किया है। जिसमें लोगों से अभी से ही कोरोना के सभी स्टैंर्ड प्रोटोकॉल के पालन करने की अपील की जा रही है। साथ ही, जिन लोगों ने अब तक प्रीकॉशनरी डोज नहीं ली है, उन्हें तत्काल प्रीकॉशनरी डोज लेने की सलाह दी जा रही है। हालांकि, कोरोना की दस्तक के बाद लोगों में थोड़ा डर तो बन ही गया है। लेकिन, स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना से डरने या भयभीत नहीं होने और समझदारी अपनाने की सलाह दी जा रही है। इसको लेकर जिलास्तर के पदाधिकारी भी सगज दिख रहे हैं। इस क्रम में सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को भी अपने अपने स्तर से कोरोना के खिलाफ तैयारियां तेज करने का निर्देश दिया गया है।



**अनिवार्य रूप से मास्क का इस्तेमाल करें लोग :** सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया कि कोविड संक्रमण को लेकर लोगों को भयभीत होने की जरूरत नहीं है। जिला स्वास्थ्य समिति ने अपनी ओर से तैयारी करनी शुरू कर दी है। कोरोना से लड़ने के लिए पूर्व की भांति ही तैयारियां की जा रही हैं । ताकि, आपात स्थिति में लोगों को कोविड डेडिकेटेड अस्पतालों में भर्ती कर इलाज किया जाएगा। इसके अलावा लोग अपने स्तर से सुरक्षा के उपायों को जरूर अपनायें। कोविड के सभी प्रोटोकॉल्स का पालन करते हुए अनिवार्य रूप से मास्क लगाने की आदत को शुरू करें। कोरोना के मामले अभी जिला समेत पूरे राज्य में नहीं हैं है, इसलिए लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। सिविल सर्जन ने लोगों से संक्रमण को लेकर किसी प्रकार की भ्रांतियों से दूर रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोगों को सही जानकारी रखने तथा कोविड अनुरूप व्यवहार के पालन करने के लिए कहा जा रहा है।

### जिले में कोवैक्सीन की डोज उपलब्ध

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने कहा कि लोगों को कोरोना से डरने की जरूरत नहीं हैं। हमने मिलकर कोरोना को दो बार हराया है। इस बार भी कोरोना को हराने में सक्षम हैं। लेकिन, इसके लिए लोगों को पूर्व की भांति जागरूक होने की जरूरत है। जिले में फिलवक्त कोविशील्ड और कोबोर्वेक्स की डोज उपलब्ध नहीं है। जिले में सिर्फ कोवैक्सीन की डोज हैं। उन्होंने बताया कि अभी भी बड़ी संख्या में लोग प्रीकॉशनरी डोज लेने से वंचित हैं। ऐसे में जिन लोगों ने अपनी तीसरी डोज नहीं ली है, वो अनिवार्य रूप से अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपनी प्रीकॉशनरी डोज ले लें। ताकि, वो कोविड के संभावित संक्रमण के प्रभाव से बच सकें।

## सदर अस्पताल से सास को लेकर घर लौट रहा था युवक, ट्रक ने बाइक को रौंदा

# भोजपुर में अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, मौके पर महिला की मौत

- जख्मी युवक का आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा इलाज
- मुफस्सिल थाने के सिंगही ओवरब्रिज के समीप हुआ हादसा

**केटी न्यूज/आरा**



सदर अस्पताल में जुटे परिजन व इनसेट में मृत महिला की फाइल फोटो

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिंगही ओवरब्रिज के समीप शुक्रवार की सुबह एक बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार सास-दामाद को ठोकर मार दी। हादसे में सास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दमाद गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जगवलिया गांव निवासी धर्मदेव साह की 68 वषीर्या पत्नी आशा देवी थी। जख्मी बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव निवासी जोगिंदर साह का 30 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार साह है। जख्मी सोनू ने बताया कि उसकी पत्नी को शुक्रवार की सुबह आरा सदर अस्पताल में लड़का हुआ था। उसे लेकर उसकी सास भी सदर अस्पताल आयी थी।

उसके बाद वह अपनी सास को पहुंचाने बाइक से उनके गांव जगवालिया जा रहा था। उसी दौरान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिंगही ओवरब्रिज के समीप सिन्हा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। उससे उसकी सास आशा देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे में वह भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसकी सास आशा देवी को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर टाउन थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

**जाप नेता ने की मुआवजे की मांग :** सड़क हादसे में आशा देवी की मौत पर गहरा दुःख प्रकट करते हुये जाप संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह बड़हरा विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी रघुपति यादव की ओर से मुआवजे की मांग की है। हादसे की सूचना मिलते ही जाप नेता सिंगही पहुंच मृतक आशा देवी के परिजनों से मिले और शोक व्यक्त किया। उसके बाद सदर हॉस्पिटल पहुंच पोस्टमार्टम करवाया। उन्होंने डीएम से दूरभाष से बात कर मुआवजे की मांग की। रघुपति यादव ने बताया कि धर्मदेव यादव की पत्नी आशा देवी को दो लड़के और छह बेटियां हैं। उनका परिवार काफी गरीब हैं और मजदूरी पर ही निर्भर है। इस स्थिति में मुआवजा जल्द से जल्द मिलना चाहिए।

### नानी की मौत से छीनी नाती के जन्म की खुशियां

एकौना गांव निवासी आशा देवी नाती के जन्म से काफी खुश थी। कुछ देर पहले ही वह सदर अस्पताल में मिठाई बांटकर घर लौट रही थी। घर में भी मिठाई बांटने औ सोहर गाने की तैयारी थी। इस बीच वह सड़क हादसे की शिकार हो गयी और तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गयी। उससे एक साथ दो घरों में कोहराम मच गया। मां की मौत और पति के जख्मी होने की खबर से अस्पताल के बेड पर पड़ी शांति देवी के बेटे होने की खुशियां छीन गयी। मां के वियोग में रो-रोकर उसका बुरा हाल था। दूसरी ओर आशा देवी के घर में भी रोना-धोना मच गया। बताया जाता है कि आशा देवी को पुत्री अनीता, संगीता, ममता, संजू ,मंजू, शांति, पुत्र मंटू साह और पिंटू साह है।

## एक नजर

### पागल कुत्ते ने दो बच्चों समेत आठ लोगों को काटा, दहशत में लोग



**आरा।** बेगूसराय में पागल कुत्तों के आतंक के बीच भोजपुर में भी लावारिस कुत्ते खुंखार होने लगे हैं। शुक्रवार की शाम एक ऐसी ही घटना सामने आयी है। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव में पागल कुत्ते ने दो बच्चों समेत दर्जन भर लोगों को नोंच डाला। उनमें चार लोग बुरी तरह जख्मी हो गये। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। अन्य लोगों का इलाज स्थानीय स्तर पर कराया जा रहा है। जिन लोगों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है, उनमें महुली गांव के 62 वर्षीय परमेश्वर दयाल, पटर पासवान का 13 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार, हरेराम पासवान का 7 वर्षीय पुत्र दुर्गेश कुमार और रवि शंकर का 8 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार शामिल हैं। बच्चों के परिजन देवानंद ने बताया कि एक कुत्ता पागल में पहुंच गया। शुक्रवार की शाम वह बेलघाट-महुली रास्ते पर घूम रहा था। उसी दौरान वह रास्ते से आने-जाने वाले लोगों को काटने लगा। पहले उसने दो बच्चों को नोंच डाला। उसके बाद एक-एककर दर्जन भर लोगों को काट लिया। वह लोगों को खदेड़-खदेड़ कर काटता रहा। उससे रास्ते और गांव में भगदड़ मच गयी। उसके बाद ग्रामीणों ने उसे घेर कर मारने की कोशिश की, लेकिन वह बच कर भाग निकला। बताया जा रहा है कि उस कुत्ते ने एक दिन पूर्व बेलघाट गांव में भी कई लोगों को काट चुका है। इधर, खुंखार हो चुके पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत कायम है।

### कैमूर से धान बेच कर भोजपुर लौट रहे व्यापारी की सड़क दुर्घटना में मौत



**सासाराम।** जिले के भानस ओपी क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में चावल व्यापारी की मौत हो गई। प्राप्त जानकरी के अनुसार व्यापारी कैमूर के कुदरा के चावल मिल पर धान बेच कर भोजपुर लौट रहे थे। इस क्रम में एनएच 30 पर भानस ओपी के पास उनके बोलेरो में पीछे से आ रहे तेज रफतार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही बोलेरो में पीछे बैठे व्यापारी की मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची भानस ओपी की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। सासाराम सदर अस्पताल पहुंचे भानस ओपी के चौकीदार लालजी राम ने बताया कि दुर्घटना थाना क्षेत्र के एसरांव पुल के पास घटी। मृतक भोजपुर जिले का है। सूचना पर पहुंचे मृतक के भाई शिवल साह ने ने बताया कि उनका भाई कुदरा के राइस मिल में धान बेचने गया था। धान बेच कर वह बोलेरो से लौट रहा था, इस क्रम में उसरांव के पास ट्रक ने अक्कर मार दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। बताया कि मौत की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। सभी लोग आनन-फानन में घटना स्थल पहुंचे और शव के साथ पोस्टमार्टम के लिए सासाराम पहुंचे हैं।

### दहेज हत्या मामले में पति दोषी करार, अधजले शव को जब्त कर हुई थी फोरेसिंक जांच



**सासाराम।** व्यवहार न्यायालय ने शुक्रवार को दहेज हत्या से जुड़े 3 साल पुराने एक मामले में सुनवाई करते हुए मृतका के पति को दोषी पाया है। एडीजे ग्यारह उमाशंकर की अदालत ने मामले में धीरज सिंह उर्फ प्रिंस, निवासी धारूपुर, बिक्रमगंज को दोषी करार दिया है। मामले की प्राथमिकी बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 443/2019 में दर्ज हुई थी जिसका ट्रायल सत्र वाद संख्या 597/2019 में चल रहा है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मामले की प्राथमिकी संजय नगर ट्राफिक कॉलोनी, पूर्वी सिंहभूम, झारखंड निवासी बबीता कुंवर ने दर्ज कराई थी। सूचिका ने बताया की उन्होंने अपनी बेटी रिंकी सिंह उर्फ बिट्टू की शादी साल 2015 में धारूपुर, बिक्रमगंज निवासी धीरज सिंह उर्फ प्रिंस से बिक्रमगंज स्थित अस्कामिनी मंदिर में हुई थी। सूचिका के अनुसार शादी के बाद से ही धीरज एवं उसके परिवार वाले रिंकी को दहेज में डेढ़ लाख रुपए एवं मोटरसाइकिल के लिए हमेशा मारपीट करते एवं तरह.तरह से प्रताड़ित करते थे। इसी क्रम में 4 सितंबर 2019 को धीरज एवं उसके परिवार वालों ने मिलकर रिंकी की हत्या कर दी थी एवं उसके शव को साक्ष्य मिटाने की नियत से जला दिया था। रिंकी की मृत्यु की खबर उन्होंने सूचिका को रिंकी की मृत्यु के बाद फोन पर दिया था। खबर पाने के तुरंत बाद सूचिका स्थानीय बिक्रमगंज थाना के साथ सीधे श्मशान घाट पर पहुंची, जहां बिक्रमगंज पुलिस द्वारा रिंकी की अधजली लाश को जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया था। जिसके बाद अनुसंधान के क्रम में रिंकी की हत्या की पुष्टि हुई थी। कोर्ट इस मामले में आगामी 4 जनवरी को अपना फैसला सुनाएगी।

# संदेहास्पद स्थिति में हुई सैलून संचालक की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

- परजिनों ने कहा-रात में खाने के बाद सोया फिर नहीं जगा



मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़की सनदिया गांव में शुक्रवार की सुबह संदेहास्पद स्थिति में एक सैलून संचालक की मौत हो गयी। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। मृतक बड़की सनदिया गांव निवासी स्व. रामजी ठाकुर का 27 वर्षीय पुत्र दीपक ठाकुर था। उसकी पुरानी पुलिस लाइन में अपना सैलून था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रोज की तरह गुरुवार की शाम सैलून बंद कर घर लौटा। उसके बाद खाकर सो गया।

शुक्रवार की सुबह बेड पर वह बेहोशी की हालत में पड़ा था। उसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये ही शव लेकर गांव चले गए। हालांकि उसकी मौत किस कारण हुई। उसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जाता है कि दीपक अपने पांच भाइयों में मांझिल था। उसके परिवार मे मा प्रभावती देवी और चार भाई हैं। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां प्रभावती देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच को आने वाली गर्भवती महिलाओं का अब होगा एचआईवी टेस्ट: सीएस

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

- डीएम के निर्देश पर सिविल सर्जन ने की अधिकारियों के साथ बैठक
- सेवा नहीं देने वाले चिकित्सकों का वेतन किया जाएगा अवरूद्ध

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय के निदेशानुसार शुक्रवार को सिविल सर्जन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक सम्पन्न किया गया। बैठक में फैमली प्लानिंग के कार्य में समीक्षा किया गया। डीपीएम ने बताया कि जिले में फैमली प्लानिंग पर पीसीआई व जीविका के साथ समन्वय स्थापित कर परिवार नियोजन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने मे सहयोग प्रदान करेंगे।

बैठक में निदेश दिया गया कि स्वास्थ्य केंद्र पर जितनी भी गर्भवती महिला जांच के लिए आती हैं, उनका एचआईवी की टेस्ट किया जाएगा, जिसके लिए आहाना संस्था सहायता प्रदान करेगी। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि सभी एएनएम से अनमोल पोर्टल पर ऑनलाईन रिपोर्ट करना सुनिश्चित करेगे है। साथ ही नये पदस्थापित एएनएम को एक सप्ताह के अंदर प्रशिक्षण देने का निदेश दिया गया। बैठक में जिस स्वास्थ्य केंद्र का संस्थागत प्रसव में खराब उपलब्धि है, उसे सुधार करने का निदेश दिया गया।

संस्थागत प्रसव में हुलासगंज, काको एवं मखदुमपुर का प्रगति कम है, जिसे अविलंब सुधार करने का निदेश दिया गया। अस्पताल में पैथोलॉजी सेवा, एक्स रे, अल्ट्रासाउंड इत्यादि की सेवा सुदृढ़ करने का दिया गया। सदर अस्पताल में सिजेरियन सेक्शन में लगातार गिरावट देखी जा रही है। जिसके लिए गहरी आपत्ति व्यक्त किया गया सिजेरियन सेक्शन के डाक्टर सुनील कुमार राय एवं डाक्टर मधुवाला द्वारा इस वित्तीय वर्ष में एक भी सिजेरियन ऑपरेशन नहीं करने के लिए स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया। साथ ही, अधीक्षक सदर अस्पताल को निदेशित किया गया कि सिजेरियन सेक्शन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए, ताकि गरीब एवं जरूरमंद महिलाओं को सिजेरियन में राहत मिल सके। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीए चिकित्सा पदस्थापित है परन्तु उनके द्वारा नियमित रूप से सेवा नहीं दी जा रही है। जिसके लिए सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अपने स्तर से मोनिटरिंग करेंगे तथा अनुपस्थित चिकित्सक का वेतन अवरुद्ध करेंगे तथा सेवा लेना प्रारंभ करेगे।

## बिहार कर्मचारी चयन आयोजन द्वारा आहूत की गई है परीक्षा, सुरक्षा की थी पुख्ता व्यवस्था

# आज 15 केन्द्रों पर आयोजित होगी एसएससी तृतीय प्रतियोगिता परीक्षा

- डीएम अमन समीर व एसपी नीरज सिंह ने विधि व्यवस्था संधारण एवं परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न केंद्रों का किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/बक्सर**



प्रश्न पत्र की सील जांच करते डीएम व अन्य



कक्षा के बाहर केंद्राधीक्षक से जानकारी लेते डीएम व मौजूद एसपी

बिहार स्टाफ सलेक्शन कमीशन द्वारा आहूत स्नातक स्तरीय तृतीय परीक्षा शुक्रवार को जिले के 15 केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू की गई। यह परीक्षा शनिवार को भी आयोजित की जाएगी। पहले दिन दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त रही। परीक्षा को कदाचारमुक्त करने के लिए अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रो पर लगातार दौड़ लगाया।

डीएम अमन समीर व एसपी ने विधि व्यवस्था संधारण एवं परीक्षा कार्य के सफल आयोजन हेतु जिले में बने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कैंब्रिज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कतकौली बक्सर, सरस्वती विद्या मंदिर अहिरौली, बिहार पब्लिक स्कूल अहिरौली, डीएवी पब्लिक स्कूल इटाढी एवं पीसी कॉलेज इटाढ़ी में हो रहे केंद्रों पर परीक्षा का निरीक्षण किया और परीक्षा को कदाचारमुक्त बताया। जिले में कुल 15 परीक्षा केंद्रो पर प्रथम पाली में कुल 8300 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, जिसमें प्रथम पाली की परीक्षा में कुल 5846 अभ्यर्थी शामिल हुए तथा 2454 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में कुल 8300 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, जिसमें 5171 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए वहीं 3129 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद अब जिला प्रशासन शनिवार को होने वाली परीक्षा की तैयारी में जुट गया है। शनिवार को भी सभी 15 केन्द्रों पर एसएसी स्नातक स्तरीय तृतीय परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा को ले बक्सर में परीक्षार्थियों का जमावड़ा लगा रहा। इस कारण पूरे दिन शहर की टैजफिक ध्वस्त हो गई थी। जबकि रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडो पर भीड़ उमड़ी रही।

## खबरें फटाफट

### 3 हजार लीटर देशी शराब किया गया विनष्ट

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी थाने में गुरुवार की देर शाम एक कांड में जब्त 3 हजार लीटर देशी शराब को विनष्ट किया गया। शराब विनष्टीकरण के दौरान उत्पाद अधीक्षक देवेन्द्र प्रसाद के अलावा मजिस्ट्रेट के रुप में केसठ बीडीओ मिथलेश कुमार एवं व अधिकारी प्रभात रंजन तथा सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह आदि मौजूद थे। शराब का विनष्टीकरण ओपी परिसर में जेसीबी से रौंदकर किया गया। साथ ही प्लास्टिक की शीशी को आग के हवाले किया गया। ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस शराब कारोबारियों पर लगातार लगाम कस रही है।

### चौसा पशु मेला की दुकान में लगी आग

**चौसा।** गुरूवार की देर रात चौसा पशु मेला स्थित एक झोपड़ीनुमा दुकान में आग लगने से उसमें रखे लाखों रूपए मूल्य के पशुचारा जल गए है। उक्त दुकान राजकिशोर गुप्ता की बताई जा रही है। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार ने स्थानीय थाना व सीओ के पास आवेदन दे इसकी जांच कर उसे न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। पीड़ित दुकानदार की मानें तो असमाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर आग लगाई गई है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अमित कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### ट्रेन से गिरा अधेड़, बुरी तरह से जख्मी

**डुमरांव।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को ट्रेन से गिर एक अधेड़ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही जीआरपी द्वारा उसे इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहा प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। जख्मी की पहचान औद्योगिक थाना क्षेत्र के बसौली गांव के मिथिलेश कुमार द्विवेदी उम्र 53 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वे सिमरी थाना क्षेत्र के बड़का राजपुर गांव स्थित अपने रिशेदार के घर गए थे। वहा से अपने गांव लौट रहे थे। डुमरांव स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन पकड़ने के दौरान वे गिर कर जख्मी हो गए। उनके रीढ़ की हड्डी और सर में गंभीर चोटे आई है।

# प्रयागराज को 3-0 से पराजित कर पटना ने जीती एक दिवसीय फुटबॉल मैच

- राज हाई स्कूल के खेल मैदान में दिखा फुटबॉल का जुनून, हजारों दर्शक थे मौजूद
- स्व. चंद्रकांत सिंह व उस्ताद इसराइल की स्मृति में आयोजित हुआ था मैच

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय राज हाई स्कूल के खेल मैदान में गुरूवार को शहीद आईपीएस रविकांत सिंह मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के संपन्न होते ही अगले दिन इस मैदान पर फुटबॉल का जुनून देखने को मिला। अवसर था सामाजिक कार्यकर्ता रहे दुल्हपुर के स्व चंद्रकांत सिंह व डुमरांव के फुटबॉल जगत के उस्ताद इसराइल अंसारी के पुण्यस्मृति में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल मैच का। यह मैच पटना व प्रयागराज की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें पटना की टीम ने प्रयागराज टीम को 3-0 से पराजित कर चमचमाते शील्ड पर कब्जा जमाया।

मैच के दौरान हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे तथा प्रत्येक गोल पर पटना के खिलाड़ियों की हौसल अफजाई करतल ध्वनियों से कर रहे थे। इस मैच के दौरान डुमरांव में फुटबॉल की दीवानगी भी परवान पर देखी गई। पूरे मैच के दौरान दर्शक



मैच जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी

अपने जगह से टस से मस नहीं हुए। इस दौरान दोनों ही टीमों के खिलाड़ियो के बेहतर खेल पर तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत करते रहे। मैच की बात करें तो पहला हॉफ गोल रहित था। हालांकि इस दौरान दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने कई शानदार मुव दिखाए। लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। लेकिन दूसरे हॉफ में पटना टीम के खिलाड़ियों ने काफी आक्रामक खेल दिखाया तथा आपसी ताल मेल को मजबूत करते हुए एक के बाद एक तीन गोल कर दिया। जबकि प्रयाग राज की टीम काफी प्रयास के बाद भी पटना की मजबूत रक्षण पंक्ति को भेद नहीं सकी। मैच समाप्ति तक यही स्कोर बना रहा। लिहाजा पटना को 3-0 से विजेता घोषित किया गया। निर्धारित समय बीतने के बाद पटना के खिलाड़ी जीत के जश्न में डूब गए थे। जबकि प्रयाग राज टीम के खिलाड़ियों में मायूशी छाई थी। गौरतलब है कि कुछ वर्षो पूर्व तक डुमरांव में फुटाबॉल काफी लोकप्रिय खेल था। राज हाई स्कूल के खेल मैदान में फुटबॉल खेलने वाले कई खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी छाप छोड़ चुके है। उम्मीद किया जा रहा है कि इस मैच के बाद फुटबॉल के प्रति स्थानीय खिलाड़ियों की रूचि बढ़ेगी।

मैच का उद्घाटन स्व चंद्रकांत सिंह की पत्नी कनक सिंह, नंदजी सिंह, विनोद वर्मा आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच शुरू होने से पहले आयोजक इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब के नेतृत्व में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने राष्ट्र गान का समवेत गायन किया। मैच में मुख्य रेफरी के रूप में राज्य स्तरीय रेफरी संतोष कुमार पाण्डेय जबकि सहायक रेफरी के रूप में डब्लू कुमार और पिंटू सिंह मौजूद रहे। जबकि इस्लाम अंसारी व मनोज कुमार ने कॉमेंटेटर की भूमिका निभाई। इस मैच का आयोजन इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा किया गया था।

# आर्थिक हल युवाओं को बल कार्यक्रम के तहत रामपुर में लगाया गया शिविर



**केटी न्यूज/केसठ**

जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश के आलोक में आर्थिक हल युवाओं को बल के अंतर्गत रामपुर पंचायत के स्थानीय सामुदायिक भवन के प्रांगण में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सहायक प्रबंधक बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम मनु कुमार सिंह, एसडब्ल्यूओ राहुल कुमार उपस्थित रहे।

शिविर में आस पास के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान लोगों द्वारा बताया गया कि इस योजना के तहत 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों को आगे के अध्ययन के लिए बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम लिमिटेड के माध्यम से चार लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण देने की सुविधा है। जो बिहार के युवाओं के लिए राज्य सरकार की बहुत अच्छी पहल है।

शिविर में बताया गया कि विकसित बिहार के सात निश्चय अंतर्गत सबसे पहला निश्चय आर्थिक हल युवाओं के बल के तहत 3 योजनाएं चलाई जा रही है। पहली योजना बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, दूसरा मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना तथा तीसरा कुशल युवा कार्यक्रम है। इसके तहत 4 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण बारहवीं उत्तीर्ण बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दिया जाता है। बारहवीं करके पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को एक हजार रुपये प्रति माह की दर से 24 महीने तक स्वयं सहायता भत्ता के रूप में राशि दी जाती है। साथ में कंप्यूटर का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। मौके पर पंचायत के कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## शहर में अब नागरिक सुविधाओं व सेवाओं की गुणवत्ता की होगी जांच

# स्वच्छता सर्वेक्षण-23 की भौतिक जांच के लिए लोगों से रू-ब-रू होगी केंद्रीय टीम

- स्वच्छता सर्वेक्षण पर बेस्ट अंक पाने के लिए लोगों के बीच चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्वच्छता सर्वेक्षण का चौथा चरण नवंबर माह से प्रारंभ हो गया है। एक बार फिर स्वच्छता के कसौटी पर डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र को परखा जायेगा। इसके लिए 2023 के मार्च माह में केंद्रीय टीम शहरवासियों से रू-ब-रू होकर फीडबैक लेगी। सर्वेक्षण नगर परिषद द्वारा नागरिको को उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता तथा स्वच्छता के मानक पर केंद्रित होगा। तीन माह तक चलने वाले इस सर्वेक्षण में सड़क, नाली, गलियों की साफ-सफाई के साथ ही कूड़ा निस्तारण के लिए किये गये प्रबंधन



की जानकारी ली जायेगी।

मार्च माह में केंद्रीय टीम शहर के सभी वार्डों की फीडबैक लेगी। इस सर्वेक्षण में एक बार फिर डुमरांव नगर परिषद ने अपना कदम बढ़ाया है। बेस्ट अंक के लिए नवंबर माह में नप ने अपना अभियान शुरू किया। अभियान के साथ ही नप तीन माह तक स्वच्छता पोर्टल पर हर दिन का डेटा अपलोड करेगा, जिसे केंद्रीय टीम डाटा का सत्यापन कर नागरिकों से सीधी राय लेगी और उसी के आधार पर रैंकिंग दी जायेगी। नप सूत्रों की माने तो स्वच्छता सर्वेक्षण पर बेस्ट अंक पाने के लिए लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत रंगोली प्रतियोगिता सहित नुक्कड़ नाटकों के माध्यमों से शहर के सभी वार्डों में डोर-टू-डोर पहुंच कर आम नागरिकों, महिलाओं, कारोबारियों के बीच नप अधिकारी व कर्मी की टीम जागरूक करने के लिए पहल किया है।

सर्वेक्षण में कचरे की उठाव व निस्तारण पर 900 अंक निर्धारित किया गया है। सर्वेक्षण में सबसे अधिक फोकस कचरे की स्थिति, सार्वजनिक स्थल, आवासीय इलाकों की स्वच्छता, शहर में जलजमाव, कचरे का फैलाव, नगर परिषद क्षेत्र में प्लास्टिक थैले और प्लास्टिक उत्पादों का इस्तेमाल, इसकी बिक्री व भंडारण की स्थिति, एनजीओ द्वारा कर्मियों को दी जाने वाली सुविधाओं पर भी अंक देने की व्यवस्था दी गयी है।

**नप के विस्तारित क्षेत्र भी शामिल :** स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निकायों के विस्तारित क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। विस्तारित क्षेत्र को मिलाकर नगर परिषद में अब 35 वार्ड है। जिसकी आबादी करीब 95 हजार है। क्षेत्र विस्तारण के बाद पुराना भोजपुर और नया भोजपुर सहित 12 अन्य गांव की आबादी भी इस बार नप क्षेत्र में शामिल किया गया है। इन गांवों के ग्रामीण भी स्वच्छता सर्वेक्षण में हिस्सेदारी निभायेंगे और नगर पर्षद के बेहतर प्रबंधन पर रैंकिंग के अनुसार अपना अंक देंगे। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रो में अब तक नप द्वारा कोई विशेष सुविधा नही दी गयी है। बावजूद ग्रामीण सुविधाओं के आधार पर अंक देंगे।

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नये साल में विशेष अभियान चलाया जायेगा, जिसमें शहरवासियों को शामिल होने के लिए जागरूक किया जायेगा। स्वच्छ डुमरांव-सुंदर डुमरांव की सेवाओं के गुणवत्ता पर नप इस बार बेस्ट अंक लाने की श्रेणी में शामिल होने के लिए प्रयासरत है।

*- मनोज कुमार, ईओ, नप डुमरांव*

# शहर में कहीं प्रत्यक्ष तो कोई परोक्ष रूप से कर रहा है नगर निकाय चुनाव का प्रचार

- चेयरमैन पद के प्रत्याशी कर रहें विस्तारित क्षेत्र में जोर शोर से प्रयास

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में नगर निकाय चुनाव का दुंदुभी अभी बजना बाकी है लेकिन चुनाव प्रचार परवान चढ़ने लगा है। निकाय चुनाव का तिथि का निर्धारण तो दूर राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से अभी तक डुमराव नगर परिषद के चुनाव के लिए अधिसूचना भी जारी नहीं हुआ है। बावजूद शहरी निकाय का चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है।

निकाय चुनाव के भावी प्रत्याशी यह उम्मीद लगाए हैं कि पहले और दूसरे चरण के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने जिस तेजी से चुनाव की तिथि का घोषणा कर चुनाव संपन्न करा लिया। आयोग द्वारा उसी तरह तीसरे चरण की तिथि की भी घोषणा होगी और तत्परता से चुनाव हो जाएगा। ऐसे में चुनाव प्रचार का पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाएगा। ऐसा सोच कर निकाय चुनाव के भावी प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया गया है।

कई प्रत्याशी तो शहर में घर-घर घूम कर अपनी उपस्थिति का एहसास तथा वोट का अपील कर रहे हैं तो कई ऐसे हैं जो समाज में अपना चेहरा चमका कर जनता के बीच अपनी स्वच्छ और समाजसेवी की छवि स्थापित करने में लगे है। डुमरांव में एक सप्ताह तक आयोजित शहीद रविकांत आईपीएस स्मृति क्रिकेट टूनामेंट में एक दर्जन




की संख्या में चेयरमैन पद के प्रत्याशी न सिर्फ सक्रिय थे बल्कि हर मौके पर स्वयं को आगे कर जनता के बीच चेहरा चमका रहे थे। ऐसे लोग सुबह से लेकर देर शाम तक शहर के चौक चौराहे पर नजर आ रहे है। इसमें आरक्षित श्रेणी के प्रत्याशियों के अलावे जनरल कैटेगरी के भी प्रत्याशी शामिल है। चेयरमैन पद के दावेदार अपना अधिकतर समय नगर परिषद के विस्तारित क्षेत्र में दे रहे है। चुकी यह नया फिल्ड है। संबंध और संपर्क नए सिरे से स्थापित करना है।

# सड़क हादसा में रिटायर्ड शिक्षक की मौत व दो जख्मी, मैजिक वाहन जब्त

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के फोरलेन पर एक घंटे के अंतराल पर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में जहां एक रिटायर्ड शिक्षक की मौत हो गई है वही दो युवक भी जख्मी हुए है। दोनों दुर्घटनाएं महज तीन सौ मीटर के अंदर हुई है। पहली घटना सब्जी मंडी के पास सुबह दस बजे की है। जहा फोरलेन को क्रास करने के प्रयास में रिटायर्ड शिक्षक अरबिंद ओझा उम्र 63 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गए। अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बनारस ले जाया जा रहा था। लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

मृतक मूल रूप से सिमरी थाना क्षेत्र के बड़का सिंहपुरा के निवासी थे तथा लंबे समय से डुमरांव में किराए के मकान में रहते थे। बताया जाता है कि वे चौगाई हाई स्कूल से कुछ वर्ष पूर्व ही रिटायर्ड हुए थे। उनके निधन की खबर मिलते ही बड़का सिंहनुपरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

वहीं दूसरी घटना नया भोजपुर ओपी थाना के सामने हुई। यहां मैजिक व बाइक की टक्कर में दो युवक जख्मी हो गए है। जिनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मियों की शिनाख्त भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ के रामनिवास ठाकुर के 30 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार ठाकुर और गगन सिंह के 28 वर्षीय पुत्र रविरंजन सिंह के रूप में की गई है। बताया जाता है कि दोनों पुराना भोजपुर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान नया भोजपुर ओपी के पास वितरीत दिशा से आ रही पिकअप वाहन की चपेट में आ गए। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद पिकअप चालक अपना वाहन छोड़ फरार हो गया है।

## एक नजर

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश



**बक्सर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत नगर परिषद डुमरांव ने पुरानी शहरों के सौंदर्यीकरण के तहत राजगढ़ अवस्थित बिहारी जी के मंदिर का भव्य सौंदर्यीकरण किया। डुमरांव में बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता कराई जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रुप बनाकर बच्चों ने एवं सीआरपी के साथ-साथ उनकी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी अपनी प्रतिभागीता सुनिश्चित की स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 मिशन को लेकर लगातार नगर परिषद रोज नई-नई परिकल्पनाओं के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही है। जिसके अंतर्गत आज बच्चों ने रंगोली की प्रतियोगिता में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने सूखे कचरे और गीले कचरे को लेकर किस-किस डब्बे में डालना है उसका चित्र भी बड़ा ही सुंदर ढंग से बनाया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार जी ने बच्चों की पेंटिंग की सराहना की। साथ ही, स्वच्छता सर्वेक्षण के ब्रांड एंबेसडर सह शिक्षक अनुराग मिश्रा ने भी उनके इस प्रतिभागियों को सराहा। कार्यक्रम में सीआरपी कौशल्या, आश्मीन, सीमा, सरोज, पूनम, मनीषा, दिनेश, संगीता, नगर मिशन प्रबंधक रश्मि जी एवं राकेश पांडेय, बच्चों में शिवप्रिया, रूपा, अंशु, रोशनी, कुमकुम, आंचल, खुशी, सृष्टि, जयमाला, काव्या, सलोनी, वहीदा, नंदनी, खुशी, प्रीति आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

### नियाजीपुर में अमर शहीद जगनारायण पाठक की स्मृति में वॉलीबॉल मैच का हुआ आयोजन

**सिमरी।** नियाजीपुर में अमर शहीद जगनारायण पाठक की स्मृति में बॉलीबॉल का फाइनल मैच का समापन हुआ। जिसमें कुल छह टीमों ने सेमीफाइनल में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष दिलमणि देवी एवं विधान परिषद सदस्य अवधेश नारायण सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। सेमीफाइनल मैच शेरपुर और एकौना के बीच कड़ी स्पर्धा के साथ संपन्न हुआ। जिसमें एकौना ने शेरपुर को 2-1 से हराकर अपना स्थान सुरक्षित किया। तो वही उत्तर प्रदेश के सोहांव और प्रसदा के बीच सेमीफाइनल मुकाबला संवाद लिखे जाने तक चल रहा था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों में पिंटू पाठक, दिलीप पाठक, विजेंदर पाठक, मंटू पाठक, दीप नारायण सिंह,राजनारायण दुबे, चंद्रकांत पाठक, गायक नीरज पाठक, सोनू पाठक, राहुल पाठक, प्रोफेसर राजेंद्र पाठक सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय गणित दिवस और रामानुजम की जयंती के अवसर पर जिले के छात्र छात्राएं हुए सम्मानित

# टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स में सरकारी स्कूलों के बच्चों ने मारी बाजी

- प्रतियोगिता में निजी व सरकारी स्कूलों के कक्षा छह से 12वीं तक के बच्चों ने लिया था हिस्सा

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी और बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के सहयोग से बिहार के सभी जिलों में श्रीनिवास रामानुजम टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स-2022 आयोजन 10 से 14 दिसंबर के दौरान किया गया था। इस प्रतियोगिता में सभी सरकारी और प्राइवेट विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने गणित में अपनी




पुरस्कार प्राप्त कर मेडल व सर्टिफिकेट के साथ बक्सर का छात्र

जानकारी के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया था। बक्सर जिले से भी वर्ग 6 से वर्ग 12 तक के छात्र छात्राओं ने इटाढ़ी स्थित पॉलिटेक्निक विद्यालय में परीक्षा दिया था। जिसमें सब की सशक्त सहभागिता रही उल्लेखनीय बात यह कि इस परीक्षा में सरकारी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भी प्राइवेट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को बहुत ही अच्छी टक्कर दी और किसी भी मायने में कम नहीं दिखे।

इसी क्रम में डुमराव नगर के अभ्यासार्थ मध्य विद्यालय, मध्य विद्यालय महावीर चबूतरा, महारानी उषा रानी बालिका मध्य विद्यालय और नावानगर के मध्य विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन कर अपने विद्यालय सहित पूरे शिक्षा विभाग का नाम रोशन किया है।

इसी क्रम में मध्य विद्यालय तेतरहर के उत्कर्ष वर्ग 8 में पूरे जिले में दूसरे स्थान पर चयनित होकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उत्कर्ष के पिताजी पेशे से एक व्यापारी हैं। इनकी माता एक सफल गृहणी हैं और अपने समय की टॉपर छात्र आ रही हैं। उत्कर्ष के पिताजी ने काफी मेहनत से उत्कर्ष की परवरिश की है तथा उनका सपना उत्कर्ष को एक आईएएस ऑफिसर के रूप में देखने का है। उत्कर्ष शुरू से ही एक मेधावी छात्र रहे हैं तथा उन्होंने पिछले साल भी श्रीनिवास रामानुजन टेस्ट में भी चयनित होकर 15 दिनों का आवासीय प्रशिक्षण आईआईटी पटना में ले चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि से सरकारी विद्यालयों के छात्र छात्राओं के बीच एक उत्साह का संचार हुआ है तथा उन्हें यह विश्वास हुआ है कि वह सरकारी विद्यालय में पढ़कर भी बहुत अच्छा कर सकते हैं।

महारानी उषा रानी बालिका मध्य विद्यालय की अंशु कुमारी वर्मा ने भी वर्ग 6 में चयनित होकर पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया है अंशु के पिताजी भी एक साधारण दुकानदार हैं तथा वह अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर काफी खुश हैं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि मुझे अपनी बेटी पर गर्व है तथा इसको पढ़ाने के लिए कुछ भी कर सकता हूं। अंशु के चुने जाने से पूरे विद्यालय परिवार गौरवान्वित है और इसे और आगे बढ़ने का आशीर्वाद और शुभकामनाएं दे रहे हैं। उत्कर्ष पटना में नालंदा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. केसी सिन्हा से सम्मानित होकर काफी प्रफुल्लित है। वह अपनी जीवन में बहुत आगे बढ़ना चाहता है। वह आईआईटी में जाकर उसके तत्पश्चात एक आईएएस बनने का ख्वाब रखता है।

## शहर छोटी खबरें

### 31 जनवरी तक जमा होगा ब्याज रहित विनियमन शुल्क

**गाजीपुर।** विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग लखनऊ के आदेश 20 दिसम्बर 2022 द्वारा उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 के नियम 69 में प्रदत्त अधिकारों के अधीन ईट भट्ठा सत्र 2022-23 के लिए एनसीआर के जनपदों को छोड़कर अन्य जनपदों के लिए ब्याज रहित विनियमन शुल्क जमा करने की तिथि 30 नवम्बर 2022 के स्थान पर 31 जनवरी 2023 तथा एनसीआर के जनपदों के लिए ब्याज रहित विनियमन शुल्क जमा करने की तिथि 31 मार्च 2023 एतद्द्वारा निर्धारित किए जाने का निर्णय लिया है। जनपद गाजीपुर के समस्त बकायेदार ईट भट्ठा स्वामियों को सूचित किया जाता है कि ईट भट्ठा का विनियमन शुल्क ब्याज रहित जमा करने के लिए दिनांक 31 जनवरी 2023 तक शासन द्वारा अन्तिम निर्णय लिया गया है। अतः समस्त बकायेदार ईट भट्ठा स्वामियों को निर्देशित किया जाता है कि विनियमन शुल्क 31 जनवरी तकजमा करें, अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी।

### तंमचा के साथ अपराधी गिरफ्तार

**गाजीपुर।** सादात थाने की पुलिस ने ससना नहर पुलिया के पास से एक अपराधी को तंमचा के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को युवक के अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने की सूचना मिली थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निर्देशन में थानाध्यक्ष सादात की टीम द्वारा आदित्य उर्फ बिट्ठू पुत्र लालू राम निवासी ग्राम कटघरा थाना शादियाबाद को ससना नहर पुलिया ग्राम ससना से कुछ दूरी पर देशी तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके बाद अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### 28 को होगी उद्योग बंधुओं की बैठक

**गाजीपुर।** उपायुक्त उद्योग प्रवीण कुमार मौर्य ने बताया कि दिसंबर माह में जिला उद्योग बंधु/व्यापार बंधु एवं स्वरोजगार बंधु की बैठक 28 दिसंबर 2022 को अपराह्न चार बजे राइफल क्लब में नियत की गई है। उन्होंने अनुरोध किया है कि जिला उद्योग, व्यापार एवं स्वरोजगार बंधु एजेंडा विवरण तैयार करने के लिए अपने विभाग से संबन्धित अद्यतन प्रगति 26 दिसंबर को द्योहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराएं। पूर्ण विवरण के साथ निर्धारित तिथि समय एवं स्थान पर स्वयं प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# किसानों के विकास के लिए गाजीपुर में संचालित सभी एफपीओ का पंजीकृत होना जरूरीः डीएम

- जनपद के कृषि उत्पाद को विदेशों में भेजने के लिए चार दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में एक बैठक हुई। जिसमें जनपद के कृषि उत्पाद दूसरे देशों को निर्यात होंगे इस उद्देश्य से जनपद में चार दिन की प्रस्तावित कार्यशाला की तीसरी कार्यशाला एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना-पीएम एफपीओ सूक्ष्य इकाइयों के उन्नयन स्थापना के लिए सूक्ष्य इकाईयों को 10 लाख रुपये तक अनुदान एवं एसएचजी/एफपीओ/सहकारी संस्थाओं को 35 प्रतिशत कर अनुदान के संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न की।

जिसमें जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि जनपद कृषि प्रधान जिला है। जहां एफपीओ बनाए जाए, जो किसानों के विकास के लिए प्लेटफार्म साबित होगा। अभी तक जनपद में पांच एफपीओ ही पंजीकृत हैं, सभी एफपीओ पंजीकृत कराएं जिसकी फीस मात्र 6500 रुपए है। गुणवत्तापूर्ण उत्पाद का उत्पादन करें, अपने एफपीओ की समस्त अभिलेख दुरुस्त रखें ताकि किसी स्तर पर असुविधा ना हो।


पौधे की जानकारी लेतीं डीएम व अन्य

जिसमें एफपीओ के उन्मयन के लिए समन्वित प्रयास पर जोर दिया गया। कार्यशाला में जनपद के कुल 64 एफपीओ में से 61 एफपीओ जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हैं, सम्मिलित हुए। कृषि और प्रसंस्कृत खाद उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) से आनंद ने बताया कि जनपद के मात्र पांच एफपीओ ही पंजीकृत हैं। सभी के पंजीकृत होने की आवश्यकता है। एफपीओ से किसी भी देश को सीधे निर्यात कर सकते हैं। एफपीओ स्वयं में एक कंपनी है, जिसको यह अधिकार प्राप्त है। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद में कृषि क्षेत्र में अपार संभवनाएं हैं। एपीडा हर संभव प्रयास करेगा कि जनपद से उत्पाद बाहर भेजें जाए, जहां अच्छा दाम प्राप्त हो सके। एपीडा क्रेता-विक्रेता की बैठक भी कराती है और किसानों को सीधे बायर से जोड़ती है। उन्होंने यह भी बताया कि निर्यात होने वाले उत्पाद में 47 प्रतिशत कृषि उत्पाद ही होता है।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बड़े ऋण लेकर बड़ी संरचना जैसे गोदाम कोलचैन, राइपेनिंग चेंबर बना सकते हैं। जिसमें रोजगार उपलब्ध होगा तथा एफपीओ की आय भी बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि किसान अनावश्यक रसायनों का प्रयोग अपने उत्पाद में ना करें। जिससे उत्पाद की गुणवत्ता खराब होती है। गुणवत्तापूर्ण उत्पाद देश के किसी क्षेत्र या विदेश में भेजा जा सकता है। एफपीओ के सदस्यों ने बैंकों से सहयोग न मिलने की शिकायत की उसके क्रम में कार्यशाला में उपस्थित एलडीएम, नाबार्ड से राजशेखर ने उनकी समस्या का समाधान बताया।

**जनपद से अभी 6000 लीटर दूध का होता है क्रय :** एलडीएम ने हर संभव समाधान का भरोसा दिलाया। एसएफएसी के रीजनल मैनेजर नरेश यादव ने एपीओ बनाने के तरीके तथा आवश्यक अभिलेख के बारे में बताया। नेशनल डेयरी विकास बोर्ड के आलोक प्रताप सिंह ने किसानों को बताया कि जनपद से अभी 6000 लीटर दूध क्रय किया जाता है। उन्होंने बताया कि जनपद गाजीपुर से डेयरी के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। हम कहीं भी दूध खरीदने के लिए नया रूट बना सकते हैं तथा समय से भुगतान के लिए भी आश्वासन दिया। जिला उद्यान अधिकारी ने एफपीओ को लघु उद्योग पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस योजना में 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख का अनुदान है। इस योजना के तहत जैम, जैली, अचार, मुरब्बा, आटा चक्की, कोल्हू इत्यादि जैसे लघु उद्योग में लाभ प्राप्त कर सकता है।

## कुर्था हत्याकांडः महिला की निर्दयता से हत्या मामले में तीसरे आरोपी को जेल

# बीएसएफ जवान की पत्नी की हत्या मामले में आखिरी अभियुक्त गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

- पुलिस ने घर से चुराया हुआ सीसीटीवी डीवीआर व एक मोबाइल भी किया बरामद
- पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार की संलिप्तता, बताया लोहे की रॉड से मार की गई थी हत्या

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के शहर कोतवाली थाना अंतर्गत बीते 26 सितंबर को कुर्था में हुई सनसनी खेज हत्या के आरोपी अभियुक्त की गिरफ्तारी व निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड व लूटी गई एक लाइसेंसी पिस्टल व चार कारतूस, सीसीटीवी डीवीआर और एक अदद मोबाइल बरामद की गई। मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर शुक्रवार को दी।

बताया जाता है कि अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के


प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते एसपी

कुशल प्रर्यवेक्षण में शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक तेजबहादुर सिंह अपने हमराहियों व सर्विलांस सेल प्रभारी उनि सुनील तिवारी के साथ संयुक्त टीम बनाकर आदर्श बाजार काशीराम आवास तिराहा के पास से ग्राम कुर्था में घटित किरन प्रजापति की हत्या के इस सनसनी खेज घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त कुर्था निवासी कृष्ण देव यादव के बेटे मनीष कुमार यादव उर्फ टिंकू को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त मनीष कुमार यादव की निशानदेही पर ही घटना में प्रयुक्त आला कत्ल (लोहे की रॉड) व लूटी गई एक अदद लाइसेंसी पिस्टल 32 बोर व चार कारतूस 32 बोर, एक अदद सीसीटीवी डीवीआर तथा एक मोबाइल बरामद किया गया है।

**हत्या में शामिल दो की पहले ही हो चुकी थी गिरफ्तारी :** मामले में एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। मृतका किरण के पति पवन प्रजापति वर्तमान में मिजोरम में पोस्टेड है। वह बीएसएफ में कार्यरत है। विपुल का किरण के घर आना जाना था। वह किरण के पति का बेहद विश्वासपात्र था। पवन चूंकि खुद नौकरी के कारण घर से बाहर रहते थे। ऐसे में वह घर के कामों में विपुल की मदद लेते थे। विपुल का पवन के घर नियमित आना जाना था। विपुल को यह भी जानकारी थी कि किरण के घर मे कौन सी चीज कहां रखी है। घटना के दिन किरण के बच्चे स्कूल चले गए, तो विपुल यादव अपने मित्र अनीस यादव मनीष यादव के साथ किरण घर में घुस गया। वे घर में रखे लाइसेंसी पिस्टल को निकालने लगे, मृतका किरण प्रजापति ने उसका विरोध किया। इसी बात पर विपुल यादव और उसके साथियों ने मिल कर किरण प्रजापति की रॉड से मार नृशंस हत्या कर दी।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम में कोतवाली थाना के प्रनि तेज बहादुर सिंह, प्रभारी स्वाट टीम उनि रामाश्रय राय, सर्विलांस प्रभारी उनि सुनील कुमार तिवारी, कोतवाली थाना के उनि अभिषेक सिंह, सर्विलांस टीम के हेकां प्रेम शंकर सिंह, शैलेन्द्र यादव, आशुतोष सिंह के अलावा थाना कोतवाली थाना के कां लालू प्रसाद, दिवेश कुमार, चन्दन मणि तिवारी व प्रमोद सरोज शामिल थे।

### साक्ष्य छिपाने के लिए सीसीटीवी डीवीआर उठाया

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त मनीष यादव उर्फ टिंकू ने मामले के संबंध में पूरी जानकारी दी। अभियुक्त द्वारा बताया गया कि 26 सितंबर को पिस्टल लूटने की मंशा से उसके साथ अनीष यादव व विपुल यादव ने पवन प्रजापति के घर में घुसकर किरन प्रजापति लोहे की राड से मार की हत्या कर डाली। उसके बाद उन्होंने बांकी से मारकर करके बक्से में रखे लाइसेंसी पिस्टल व कारतूस तथा एक मोबाइल को ले लिए तथा साक्ष्य छिपाने के लिए उन लोगों ने घर में लगे सीसीटीवी डीवीआर को भी अपने साथ उठा लिया। जिसके बाद कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# जनपद के 3.80 लाख नौनिहालों को पिलायी जायेगी विटामिन-ए की खुराक

- बाल स्वास्थ्य पोषण माह की हो रही तैयारी
- 28 दिसम्बर से शूरू होगा अभियान जो एक माह चलेगा

**केटी न्यूज/बलिया**

नौनिहालों को कुपोषण से मुक्त रखने के लिए 28 दिसम्बर से शुरू होने वाले बाल स्वास्थ्य पोषण माह की तैयारी की जा रही है। यह अभियान एक माह चलाया जायेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयन्त कुमार ने दी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि नौ माह से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को छाया वीएचएनडी व यूएचएनडी सत्रों पर प्रति सप्ताह दो चरणों में विटामिन-ए की खुराक पिलायी जायेगी। इस विशेष अभियान में बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने के साथ ही उनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए आवश्यक टीके भी लगाये जायेंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देश पर देश से कुपोषण को समाप्त करने के लिए पूरे एक माह तक चलने वाले इस विशेष अभियान के लिए एएनएम, आशा एवं आंगनबाडी कार्यकताओं द्वारा प्रत्येक सप्ताह में छाया वीएचएनडी व यूएचएनडी में दो बार बुधवार और शनिवार को विटामिन-ए की खुराक पिलाने का काम किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद में 6 से 12 माह तक के बच्चों की संख्या लगभग 45 हजार 130 है। एक वर्ष से दो वर्ष तक के बच्चों की संख्या 85 हजार 30 है। दो से पांच वर्ष तक के बच्चों की संख्या लगभग 2.73 लाख है।

# मुख्तार अंसारी की कस्टडी रिमांड पांच दिन और बढ़ी

- वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुख्तार अंसारी की पेशी जिला जज की कोर्ट में हुई

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



पूर्वांचल के बाहुबली एवं मऊ के पूर्व विधायक गाजीपुर के युसूफपुर निवासी मुख्तार अंसारी की रिमांड कोर्ट ने और पांच दिन बढ़ा दी है। इससे अंसारी बंधुओं एवं उनके शुभचिंतकों में खलबली मची हुई है। ईडी की टीम मुख्तार अंसारी से मनी लांड्रिंग केस सहित विभिन्न मामलों में पूछताछ कर तथ्य व सुबूत जुटा रही है।

बता दें कि वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुख्तार अंसारी की पेशी इलाहाबाद जिला जज की कोर्ट में कराई गई। ईडी ने मुख्तार की कस्टडी रिमांड बढ़ाने के लिए अर्जी दी थी। जिला जज ने इस पर सुनवाई करते हुए मुख्तार अंसारी की पांच और दिन की कस्टडी रिमांड की स्वीकृति दे दी। दस दिन पहले मुख्तार अंसारी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन केस में पूछताछ के लिए अपनी कस्टडी में लिया था। पेशी को देखते हुए अदालत परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। ईडी मुख्तार के खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया है। बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार से मनी लांड्रिंग से जुड़ी तमाम जानकारी जुटानी है। विकास कंस्ट्रक्शन फर्म, बैंक ट्रांजेक्शन, प्रापर्टी सहित अन्य बिंदुओं पर भी छानबीन होनी है। ईडी के अधिकारी पूर्व में बांदा जेल जाकर मुख्तार से सवाल-जवाब कर चुके हैं।

## एक नजर

### कोर्ट ने दुकानदार की खारिज की जमानत अर्जी




**बलिया।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेशचंद वर्मा की अदालत ने सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के कागजात और स्टॉक रजिस्टर में हेरफेर करने और 140 बोरी अनाज बरामद होने के मामले में राशन दुकानदार अशोक कुमार सिंह की जमानत अर्जी खारिज कर दी। वादी मुकदमा पूर्ति निरीक्षक राकेश कुमार निषाद ने खेजुरी में एफआईआर दर्ज कराई थी कि 15 जुलाई 2019 को ग्राम पंचायत करम्मर में वाहन पर 140 बोरी अनाज बरामद हुआ था। चालक विजयशंकर यादव पुत्र दर्शन यादव निवासी त्रिकालपुर थाना गड़वार के बयान के आधार पर करम्मर के कोटेदार अशोक सिंह की दुकान की जांच अधिकारियों ने की थी। जांच में अनियमितता पाई गई। राशन दुकानदार अशोक कुमार सिंह और उनके भाई अजय कुमार सिंह पुत्र वासुदेव सिंह के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया। अशोक कुमार सिंह ने न्यायालय में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। अभियोजन की तरफ से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अशोक कुमार ओझा और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद अभियुक्त अशोक कुमार सिंह की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी।

### अधिवक्ता एसोसिएशन के चुनाव का परिणाम घोषित



**मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव का परिणाम शुक्रवार को संध्या घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी आबिद आजाद एडवोकेट ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित करते हुए बताया कि अध्यक्ष पद पर खालीद जमाल खान, उपाध्यक्ष उदय भान एडवोकेट, मंत्री संतलाल, कोषाध्यक्ष अर्से आलम एवं सहमंत्री पद पर आफताब अहमद निर्वाचित हुए हैं। वरिष्ठ सदस्य कार्यकारीणी हेतु लाल जी गौतम, सैयद अली इमदाद जैदी, मुनव्वर एवं कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी पद पर श्यामसेर, विजय कुमार, सूर्य बली पासवान, एवं नसुरुद्दीन निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन के तुरंत बाद अधिवक्ता लाइब्रेरी कक्ष में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अंत में चुनाव अधिकारी आबिद एजाज एवं एल्डर कमेटी के सदस्य जेपी सिंह एडवोकेट ने सकुशल चुनाव संपन्न होने के लिए सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत



**मऊ।** शहर कोतवाली क्षेत्र के भीटी स्थित तमसा पुल पर कंटेनर और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार एक वृद्ध महिला की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि महिला का पुत्र और पति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस कंटेनर को थाने ले गई। जानकारी के मुताबिक मृतक महिला पाती गोड़ पत्नी फूलचंद गोड़ 75 वर्ष घोसी थाना क्षेत्र के बड़ागांव की निवासी थी। वह शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े सात बजे अपने पति और बेटे प्रवीण के साथ बाइक पर सदर अस्पताल पर इलाज कराने के लिए आ रही थी। जैसे ही वो लोग भीटी स्थित तमसा पुल पर पहुंचे, सामने से आ रही बेकाबू कंटेनर से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि पाती देवी बाइक से पुल के निचे जा गिरी। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका पति फूलचंद और पूत्र प्रवीण गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।घटना की जानकारी होने पर पीड़ित के परिवार के घर कोहराम मच गया।

### सीएमओ ने पांच चिकित्सकों का काटा वेतन



**मऊ।** सीएमओ डॉ. नरेश अग्रवाल ने शुक्रवार को मुहम्मदाबाद और गोहना सीएससी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था ठीक मिली। लेकिन चिकित्सकों को लेकर सीएमओ नाराज दिखे। आजमगढ़ जाते समय अचानक मुहम्मदाबाद गोहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सीएमओ रुक गए और सीएससी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कमियां मिली तथा कमियां को देख सीएमओ चिकित्सकों को कई निर्देश दिए तथा सीएससी के अधीक्षक को अनुपस्थित देख आगबबूला हुए। सीएमओ डॉ नरेश अग्रवाल सर्वप्रथम अधीक्षक के दिनेश चंद्रा के कमरे के पास गए जहां उनका कमरा खाली देख अधीक्षक पर सीएमओ भड़क गए। इसके बाद अन्य चिकित्सकों के कमरों का निरीक्षण किया। जहां देखा कि अधीक्षक समेत पांच चिकित्सक अस्पताल परिसर से नदारद है। उन्होंने सभी के कमरों की फोटो ली और रजिस्टर मंगा कर पांचों अनुपस्थित चिकित्सकों को अनुपस्थित चढ़ाया और सभी अनुपस्थित लोगों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ. दिनेश चंद्रा, डॉ. सरोज प्रसाद, डॉ. अतुल यादव, डॉ. उत्तम कुमार व फार्मासिस्ट सरोज यादव अस्पताल परिसर से नदारद मिली।

## परिवहन मुख्यालय के निर्देश के बाद बलिया डिपो की बसों में कमियों को दूर करने का काम शुरू

# बसों में कमी पाई गई तो लगेगा डिपो के एआरएम पर जुर्माना

**तिलक कुमार/बलिया**

- अनुबंधित बसों में कमी पाए जाने पर बस स्वामियों पर भी जुर्माना लगेगा

बसों का सही दशा नहीं सुधारना एआरएम को भारी पड़ेगा। बसों में कमी पाए जाने पर संबंधित डिपो के एआरएम पर जुमार्ना लगाया जाएगा। जुमार्ने की राशि 500 रुपये तक हो सकती है। यह निर्देश परिवहन मुख्यालय की ओर से जारी किए गए हैं, जिसके चलते अब बलिया डिपो की बसों में कमियों को दूर करने का काम शुरू हो गया है।

परिवहन मुख्यालय की ओर से सभी डिपो को बसों की दशा सुधारने के निर्देश दिए हैं। परिवहन निगम की ओर से संचालित बसों की बॉडी कंडीशन, पेंट, विंड शील्ड, खिड़कियों के शीशे, फर्श की स्थिति, सीटों की दशा, डस्टीनेशन बोर्ड, स्टीकर, राइटिंग कार्य, रिफ्लेक्टिव टेप, साफ-सफाई आदि की गुणवत्ता अच्छी करने के बारे में कहा गया है। बसों की दशा एक जनवरी 2023 तक सुधारने का समय दिया है। इसके बाद बसों में कमी मिलने पर संबंधित अधिकारियों पर जुमार्ना लगाया जाएगा। वहीं, अनुबंधित बसों में कमी पाए जाने पर अनुबंधित बस



स्वामियों पर भी जुमार्ना लगेगा। बस में कमी पाए जाने पर अनुबंधित बस स्वामी को पहली बार 100 रुपये, दूसरी बार 500 रुपये, तीसरी बार 1000 रुपये जुमार्ना लिया जाएगा। इसके बाद हर बार पकड़े जाने पर 2000 रुपये जुमार्ना लगेगा। बस में कमी मिलने पर मार्ग पर भेजने वाले ड्यूटी क्लर्क पर पहली बार 50 रुपये, दूसरी बार 100 रुपये, तीसरी बार 200 रुपये लिया जाएगा। वहीं बार-बार कमी मिलने पर हर बार 500 रुपये जुमार्ना वसूला जाएगा। ऐसे ही एआरएम से जुमार्ना लिया जाएगा।

### एआरएम के निरीक्षण में पर इन पर लगेगा जुर्माना

एआरएम की ओर से जांच में बसों में कमी पाए जाने पर चालक पर पहली बार 10 रुपये, दूसरी बार 20 रुपये और इसके बाद 40 रुपये लिए जाएंगे। इसके अलावा ग्रुप इंचार्ज, सीनियर फोरमैन, ड्यूटी क्लर्क से पहली बार 25 रुपये, दूसरी बार 50 रुपये और इसके बाद हर बार 100 रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा।

**वर्कशॉप में ठीक होने के लिए खड़ी हैं आठ बसें :** बलिया वर्कशॉप में ठीक होने के लिए करीब आठ बसें खड़ी हुई हैं, जिन्हें ठीक किया जा रहा है। जिन बसों के शीशे टूट गए हैं, उनमें शीशे लगाए जा रहे हैं। वहीं, कुछ बसों में सर्विस और अन्य काम चल रहा है। वहीं, वर्कशॉप में रोजाना बसों में कमियों को दूर किया जा रहा है।

**बसों को ठीक कराया जा रहा है :** वहीं, बलिया डिपो एआरएम उमाकांत मिश्रा ने बताया कि बलिया डिपो की सभी बसों को ठीक कराया जा रहा है। सभी बसों में शीशे लगे हुए हैं। इसके अलावा, रिफ्लेक्टिव टेप लगवा दिया गया है। मुख्यालय से जो निर्देश मिले हैं, उनका पालन किया जा रहा है।